राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
राजीव गांधी विद्या भवन, द्वितीय तल, शिक्षा संकुल
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17
फोन नं. 0141-2715618, Email :- rajsmsa.girlsedu@rajasthan.gov.in

क्रमांक: रास्कूशिप/जय/बालिका शिक्षा/2019-20/ 3555 दिनांक: 15.9.2021

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिले।

**विषय :– बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम अन्तर्गत सत्र 2021–22 हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश।**

**भाग–1**

**(किशोरी शैक्षिक उत्सव आयोजन)**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2021–22 के लिये **समस्त पीईईओ क्षेत्र में किशोरी मेले का आयोजन किया जाना है।** जिस हेतु तिथियाँ एवं कार्य निम्नानुसार रहेंगे।

| कार्यक्रम की तिथि | सहभागिता | **गतिविधि का स्तर ( उच्च प्राथमिक ऑनलाईन एवं माध्यमिक ऑफलाईन हेतु पृथक श्रेणी )** |
|---|---|---|
| 15–21 सितम्बर | समस्त स्तर | बच्चों तक सूचनाओं को भेजा जाना।<br>इच्छुक छात्राओं (एकल) एवं छात्र–छात्रों (सामूहिक) को प्रोजेक्ट चिन्हित करना।<br>बच्चों द्वारा मॉडल/गतिविधि की तैयारी करना। |
| 23 सितम्बर बच्चों द्वारा | विद्यार्थी | समस्त विद्यालयों में बच्चों द्वारा स्टॉल हेतु मॉडल/गतिविधि की प्रस्तुति। |
| 24 सितम्बर पीईईओ द्वारा | पीईईओ | पीईईओ स्तर पर समस्त प्रस्तुतियों की समीक्षाकर प्रत्येक जोन में श्रेष्ठ प्रस्तुति को चिन्हित करना।<br>प्रारम्भिक एवं माध्यमिक श्रेणी में तीनों जोन के अन्तर्गत भाग लेने वाले समस्त छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहन–पत्र एवं प्रथम तीन स्टॉल/प्रस्तुति को प्रशस्ति–पत्र। |
| 27–29 सितम्बर | ब्लॉक | पीईईओ से प्राप्त समस्त प्रथम प्रस्तुतियों की समीक्षा एवं प्रत्येक तीनों जोन के अर्न्तगत श्रेष्ठ तीन प्रस्तुतियों का चयन एवं प्रथम प्रस्तुति को जिले हेतु भेजा जाना।<br>प्रारम्भिक एवं माध्यमिक श्रेणी में तीनों जोन के अन्तर्गत प्रथम तीन प्रस्तुति को पुरस्कार। |
| 01–09 अक्टूबर | जिला | सभी ब्लॉक से प्राप्त श्रेष्ठ प्रस्तुतियों की समीक्षा करते हुए तीनों जोन में प्रथम तीन प्रस्तुति का चयन एवं प्रथम प्रस्तुति को राज्य हेतु भेजा जाना।<br>प्रारम्भिक एवं माध्यमिक श्रेणी में तीनों जोन के अन्तर्गत प्रथम तीन प्रस्तुति को पुरस्कार। |
| 10–15 अक्टूबर | राज्य | सभी जिले से प्राप्त श्रेष्ठ प्रस्तुतियों की समीक्षा करते हुए प्रारम्भिक एवं माध्यमिक श्रेणी में तीनों जोन से प्रथम प्रविष्टि का चयन। |
| 11 अक्टूबर | राज्य/जिला | प्रारम्भिक एवं माध्यमिक श्रेणी में चिन्हित प्रथम प्रस्तुति का अर्न्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में समारोह में प्रदर्शन |

सभी पीईईओ से अपेक्षा है कि वे विभिन्न नवाचारों का प्रयोग करते हुए मॉडल/गतिविधि/प्रस्तुति को तैयार करें। प्रत्येक विद्यालय सभी बच्चों को प्रोत्साहित करेगा जिसमें शिक्षक बच्चों को गाईडेन्स भी प्रदान करेंगे। विद्यालय बच्चों को आवश्यक सामग्री को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेगा।

सभी जोन में बच्चों द्वारा की जाने वाली प्रस्तुति को शैक्षिक मेले में प्रदर्शित किये जाने वाली स्टॉल के रूप में दिखाया जाये। जिसमें शिक्षक एवं प्रस्तुत करने वाले छात्रा–छात्र सम्मिलित होंगे।

**प्रारम्भिक श्रेणी एवं माध्यमिक श्रेणी में तीन जोन निम्नानुसार होंगे –**

(1) उच्च प्राथमिक कक्षाओं हेतु किशोरी शैक्षिक–उत्सव ऑनलाईन(गतवर्ष की भांति)

चयनित विद्यार्थी शिक्षक के दिशा निर्देशानुसार निर्धारित स्थान पर स्टॉल प्रदर्शित करेंगे जिसकी वीडियो क्लिप (2 से 5 मिनिट के आधार पर) चयन किया जा सके।

| जोन–1 | जोन–2 | जोन–3 |
|---|---|---|
| हिन्दी | गणित | सामाजिक विज्ञान एवं समसामयिक परिप्रेक्ष्य में |
| अंग्रेजी | विज्ञान | स्वास्थ्य एवं हाईजीन/बाल अधिकार एवं सुरक्षा |

(2) माध्यमिक/उच्च माध्यमिक कक्षाओं हेतु जीवन की तैयारी समारोह ऑफलाईन

| जोन–1 | जोन–2 | जोन–3 |
|---|---|---|
| हिन्दी<br>अंग्रेजी<br>दस्तावेजों पर समझ | गणित<br>विज्ञान<br>स्कॉलरशिप एवं योजनाएं | सामाजिक विज्ञान एवं समसामयिक परिप्रेक्ष्य में करियर की तैयारी/बाल अधिकार एवं सुरक्षा |

**(नोट :– उक्त गतिविधि को तीनों जोन में विद्यार्थियों की इच्छानुसार भाग लिया जा सकेगा।)**

उपरोक्त गतिविधि के आयोजन हेतु निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें –

- **किशोरी शैक्षिक उत्सव (किशोरी मेला) 2021–22 – अकादमिक मेला एवं जीवन की तैयारी, का आयोजन कया जाना है।** इस हेतु प्रत्येक जिला समस्त विद्यालयों को पीईईओ के नेतृत्व में अपने विद्यालय क्षेत्र में बच्चों को स्टॉल तैयार करने हेतु प्रेरित करे। सभी बच्चों की प्रस्तुति को पोस्टर, मॉडल, विडियो, फोटोग्राफ्स, गेम्स, पहेली जैसे अनेक माध्यमों से की जा सकेगी।
- बच्चों को मॉडल गतिविधि–स्टॉल निर्माण में आवश्यक सामग्री हेतु प्रत्येक पीईईओ (शहरी एवं ग्रामीण) क्षेत्र के समस्त विद्यालयों हेतु रुपये 4500/– एकमुश्त प्रति पीईईओ क्षेत्र देय होगा। इस राशि का उपयोग मेले में लगाये जाने वाली सामूहित रूप से लगाई जाने वाली स्टॉल, स्टेशनरी एवं अन्य एवं साज–सज्जा हेतु उपयोग किया जा सकेगा।
- सभी इच्छुक एवं रचनात्मक प्रतिभा युक्त विद्यार्थी इसमें प्रतिभाग कर सकेंगे। सामूहिक प्रस्तुति में छात्र एवं छात्राएँ दोनों भाग ले सकेंगे।
- प्रारम्भिक एवं माध्यमिक श्रेणी में तीनों जोन में श्रेष्ठ प्रस्तुतियों हेतु प्रत्येक स्तर पर – पीईईओ, ब्लॉक एवं जिला स्तर, निर्णायक समिति का गठन किया जाये। स्टॉल के थीम, अवधारणा की स्पष्टता, उपयोग, प्रजेन्टेशन, इत्यादि हेतु 65 प्रतिशत अंक, बच्चे/समूह की प्रस्तुति पर 10 प्रतिशत अंक, प्रस्तुति में नवाचारी तरीकों के प्रयोग पर 20 प्रतिशत अंक एवं तकनीक के प्रयोग पर 5 प्रतिशत अंक रखे जायें।
- उत्सव के आयोजन हेतु सभी स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाये। जिस हेतु व्हाट्सअप ग्रुप, बैनर, फ्लैक्स, स्थानीय समाचार पत्र आदि का प्रयोग किया जाये।
- जिले पूरी प्रक्रिया का अधिकतम डॉक्यूमेन्टेशन कर परिषद कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
- बच्चों की प्रस्तुतियों का विद्यालय स्तर का विडियो बनाकर उसे सुरक्षित रखा जाये। जिला जिले की श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का अच्छी गुणवत्ता वाला विडियो पुनः बनाने हेतु निर्णय ले सकेगा किन्तु इसमें मूल प्रस्तुति से छेड़छाड़ नहीं की जाये।
- प्रत्येक स्तर पर किये गये कार्य की रिपोर्ट परिषद कार्यालय को कार्य समाप्ति पर सूचित की जाये।

**उक्त प्रस्तुतियों के अतिरिक्त बालिकाओं द्वारा (मीना राजू मंच, गार्गी मंच) किये गये अनुकरणीय कार्यों हेतु प्रत्येक जिले से कुल 5 केस स्टडीज 01 अक्टूबर तक राज्य कार्यालय को भेजी जना सुनिश्चित करें।**

## वित्तीय प्रावधान

<table>
<tr><th></th><th colspan="2">विवरण</th><th colspan="2">राशि रुपये में</th></tr>
<tr><td>1</td><td colspan="2">छात्रों द्वारा मॉडल निर्माण के सामग्री क्रय हेतु एवं सहभागिता प्रमाण–पत्र सभी संभागियों हेतु पीईईओ द्वारा संभागी प्रतिविद्यालय 500/– या संभागी विद्यालयों की संख्या के अनुसार अधिकतम पीईईओ द्वारा 4500/– में से देय होगा।</td><td colspan="2">4500/– प्रति पीईईओ शहरी एवं ग्रामीण</td></tr>
<tr><td rowspan="5">2</td><td colspan="2">पुरस्कार ब्लॉक स्तर (तीनों जोन हेतु पृथक)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>श्रेणी 6–8</td><td>श्रेणी 9–12</td><td>श्रेणी 6–8</td><td>श्रेणी 9–12</td></tr>
<tr><td>प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र</td><td>प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र</td><td>500</td><td>500</td></tr>
<tr><td>द्वितीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र</td><td>द्वितीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र</td><td>300</td><td>300</td></tr>
<tr><td>तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र</td><td>तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र</td><td>200</td><td>200</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">कुल योग</td><td colspan="2"></td></tr>
</table>